**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2026-2027)**

| कक्षा - नवीं (२०२६ - २०२७) | विषय: संज्ञा-सर्वनाम, उपसर्ग - प्रत्यय, विराम चिह्न, निपात | Date - 10-05-2026 |
|---|---|---|
| कार्य-पत्रिका संख्या: 2 उत्तर | | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम:** ______________________**अनुभाग:** _____**अनुक्रमांक:** _____**दिनांक:** __________

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित शब्दों के संज्ञा रूप छाँटते हुए सही स्थान पर लिखिए:

देश, शिक्षक, स्वतंत्रता, लक्ष्मीबाई, हरियाली, बहादुरी, कबीरदास, प्रेमचंद, कठिनाई, घोड़ा।

**उत्तर 1.** (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा - लक्ष्मीबाई, कबीरदास, प्रेमचंद।

(ख) जातिवाचक संज्ञा - देश, शिक्षक, घोड़ा।

(ग) भाववाचक संज्ञा - स्वतंत्रता, हरियाली, बहादुरी, कठिनाई।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित अवतरण में से संज्ञा शब्द छाँटकर उनके भेद भी लिखिए:

झूरी के दोनों बैलों के नाम थे - हीरा और मोती। दोनों पछाईं जाति के थे - देखने में सुंदर, काम में चौकस, डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक-भाषा में विचार-विनिमय करते थे। एक, दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था, हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी जिससे जीवो में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है।

**उत्तर 2.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. झूरी - व्यक्तिवाचक | 6. काम - भाववाचक | 11. भाषा - भाववाचक | 16. शक्ति - भाववाचक |
| 2. बैल - जातिवाचक | 7. डील - भाववाचक | 12. विचार - भाववाचक | 17. जीव - जातिवाचक |
| 3. हीरा - व्यक्तिवाचक | 8. दिन - भाववाचक | 13. विनिमय-भाववाचक | 18. श्रेष्ठता- भाववाचक |
| 4. मोती - व्यक्तिवाचक | 9. साथ - भाववाचक | 14. मन - भाववाचक | 19. दावा - भाववाचक |
| 5. जाति - भाववाचक | 10. भाईचारा-भाववाचक | 15. बात - भाववाचक | 20. मनुष्य- जातिवाचक |

**प्रश्न 3.** विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ -

**उत्तर 3.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. दुष्ट - दुष्टता | 4. प्यासा - प्यास | 7. चतुर - चतुराई |
| 2. हिंसक - हिंसा | 5. मीठा - मिठास | 8. मुक्त - मुक्ति |
| 3. ख़ुशहाल - ख़ुशहाली | 6. कंजूस - कंजूसी | 9. अच्छा - अच्छाई |

**प्रश्न 4.** रेखांकित शब्दों के स्थान पर भाववाचक संज्ञाओं का प्रयोग करते हुए वाक्य दुबारा लिखिए -

**उत्तर 4.** **1.** मैं कुछ भी **लेना-देना** नहीं चाहता था। **1.** मैं कुछ भी **लेन-देन** नहीं करना चाहता था।

**2.** उसके **सफल** होने पर सभी ने बधाई दी। **2.** उसकी **सफलता** पर सभी ने बधाई दी।

**3.** जो व्यक्ति **अहंकारी** होते हैं, वे पछताते हैं। **3.** जो व्यक्ति **अहंकार** करते हैं, वे पछताते हैं।

**4.** पानी का व्यर्थ **बहना** रोकना ही होगा। **4.** पानी का व्यर्थ **बहाव** रोकना ही होगा।

**5.** उसके **कठोर** होने पर उसे सज़ा मिली। **5.** उसकी **कठोरता** पर उसे सजा मिली।

**प्रश्न 5.** उचित सर्वनाम शब्द से वाक्य पूरे कीजिए -

**उत्तर 5.** 1. दरवाज़े के पास **<u>कोई/वह</u>** खड़ा है। 4. **<u>कौन</u>** शोर मचा रहा था?

2. **<u>वह</u>** भोजन बना रही है। 5. **<u>मुझमें/हममें/तुझमें/तुममें/आपमें/उसमें/उनमें</u>** हिम्मत नहीं है।

3. **<u>तुम</u>** समझदार हो गए हो। 6. **<u>तुम</u>** अभी छोटे हो, **<u>मैं</u>** तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ।

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनामों के भेद का नाम लिखिए -

| | |
|---|---|
| **उत्तर 6.** 1. अपना काम **<u>स्वयं</u>** करो। | निजवाचक सर्वनाम |
| 2. पहले **<u>कुछ</u>** खा लो, फिर पढ़ाई करना। | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| 3. यह चित्र **<u>किसने</u>** बनाया है? | प्रश्नवाचक सर्वनाम |
| 4. **<u>जो</u>** परिश्रम करेगा, **<u>उसे</u>** सफलता मिलेगी। | संबंधवाचक सर्वनाम |
| 5. क्या **<u>आप</u>** अभी लंदन में हैं? | पुरुषवाचक सर्वनाम |

**प्रश्न 7.** नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों की अशुद्धि को दूर कर वाक्य को फिर से लिखिए -

| | |
|---|---|
| **उत्तर 7.** 1. तुम्हें अभी खा लेते तो अच्छा होता। | 1. तुम अभी खा लेते तो अच्छा होता। |
| 2. तुम्हारे को दादाजी बुला रहे हैं। | 2. तुम्हें दादाजी बुला रहे हैं। |
| 3. लगता है मेरी पुस्तक किन्हीं ने ले ली। | 3. लगता है मेरी पुस्तक किसी ने ले ली। |
| 4. मेरे को आज मेरे मित्र के यहाँ जाना है। | 4. मुझे आज अपने मित्र के यहाँ जाना है। |
| 5. तुम कौन-से घृणा करते हो? | 5. तुम किससे घृणा करते हो? |

**प्रश्न 8.** 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर: -

**उत्तर 8.** (i) 'अध' उपसर्ग से निर्मित शब्द: अधखिला, अधपका, अधमरा, अधजला।

(ii) शब्द के प्रारंभ में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश को **<u>उपसर्ग</u>** और शब्द के अंत में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश को **<u>प्रत्यय</u>** कहते हैं।

(iii) 'भरपेट' शब्द में 'भर' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है।

(iv) 'ईला' प्रत्यय से बने शब्द: चमकीला, ज़हरीला, रसीला, सुरीला, गठीला, भड़कीला, शर्मीला।

(v) 'अपनापन' में प्रयुक्त मूल शब्द 'अपना' एवं प्रत्यय 'पन' है।

(vi) 'चित्रकार' शब्द में 'कार' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।

(vii) 'परतंत्रता' में प्रयुक्त उपसर्ग 'पर', मूल शब्द 'तंत्र' एवं प्रत्यय 'ता' है।

(viii) 'वि' उपसर्ग से निर्मित शब्द: वियोग, विनम्र, विदेश, विज्ञान, विक्रय।

(ix) 'व्यक्तित्व' शब्द में 'त्व' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है।

(x) 'इत' प्रत्यय वाले शब्द: भ्रमित, आनंदित, लिखित, उत्साहित, नियमित, प्रमाणित, पुष्पित।

(xi) 'सपरिवार' में प्रयुक्त उपसर्ग 'स' एवं मूल शब्द 'परिवार' है।

(xii) 'सुपुत्र' शब्द में 'सु' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है।

(xiii) 'बाज़ीगर' में प्रयुक्त मूल शब्द 'बाज़ी' एवं प्रत्यय 'गर' है।

**प्रश्न 9.** 'विराम-चिह्न' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर: -

**उत्तर 9.** (i) (^) कोष्ठक में दिए गए विराम-चिह्न का नाम हंसपद या काकपद है।

(ii) विराम चिह्न – सुभाष चंद्र बोस ने कहा, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।"

(iii) संबोधन के लिए विस्मयवाचक चिह्न (**!**) का प्रयोग किया जाता है।

(iv) प्रसन्नता, दुःख, आश्चर्य आदि के लिए विस्मयवाचक चिह्न (**!**) का प्रयोग किया जाता है।

(v) वाक्य में 'चढ़ते-चढ़ते' के बीच योजक या विभाजक चिह्न का प्रयोग हुआ है।

(vi) अर्धविराम के लिए (**;**) चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

(vii) (,) कोष्ठक में दिए गए विराम-चिह्न का नाम अल्प विराम है।

(viii) विस्मयवाचक चिह्न का प्रयोग करते हुए एक वाक्य – वाह! कितना सुहावना मौसम है।

(ix) वाक्य के पूरा होने पर पूर्ण विराम चिह्न (।) का प्रयोग किया जाता है।

(x) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर लिखिए: –

एक बालक ने कहा – "ऐसे बैल किसी के पास न होंगे।"

दूसरे ने समर्थन किया – "इतनी दूर से दोनों अकेले चले आए।"

तीसरा बोला – "बैल नहीं हैं वे, उस जनम के आदमी हैं।"

(xi) लाघव या संक्षेपक चिह्न का प्रयोग करते हुए एक वाक्य –

आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

(xii) वाक्यों में से विराम-चिह्नों के नाम: –

(**–** निर्देशक), ( **" "** उद्धरण चिह्न), ( **?** प्रश्नवाचक चिह्न), ( **-** योजक या विभाजक चिह्न),

( **,** अल्प विराम), ( **;** अर्धविराम), ( **।** पूर्ण विराम)।

**प्रश्न 10.** रिक्त स्थानों में उपयुक्त निपात: -

**उत्तर 10.** 1. मनुष्य का चरित्र **ही** उसे सम्मान दिला सकता है।

2. **मात्र** पुस्तक पढ़ने से काम नहीं चलेगा।
3. पत्र लिखना तो दूर, उसने मुझे फ़ोन **तक** नहीं किया।
4. यह कार्य नमिता **ही/भी** कर सकती है।
5. इंदु **तक** को उसने यह बात नहीं बताई।
6. रजत कभी **तो** तुम काम की बात कर लिया करो।
7. यद्यपि सार्थक को बैडमिंटन खेलना **भी** आता है, परंतु वह हमेशा क्रिकेट **ही** खेलता है।
8. तुम **तो** फँसोगे, मुझे **भी** फँसवाओगे।
9. जाते समय उसने मेरी ओर देखा **तक** नहीं।

**प्रश्न 11.** निपातों का वाक्यों में प्रयोग: -

**उत्तर 11.** 1. तुम **तो** अब बड़े आदमी बन गए हो।

2. हमेशा सच की **ही** जीत होती है।
3. खेत में जाने **भर** से काम नहीं चलेगा, वहाँ हाथ-पैर **भी** चलाने पड़ेंगे।
4. उसे वर्णमाला **तक** का ज्ञान नहीं है।
5. **मात्र** सिनेमा देखने से एक्टिंग नहीं आ जाती।
6. वह पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी **भी** करता है।
7. एक बार कोशिश **तो** करके देखो, शायद बात बन जाए।